# भारत की जनजातियां

## अभ्यास प्रश्न

**1.) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**(1) भोजन के लिए जनजातीय लोग निर्भर रहते हैं-**

(अ) वर्षा पर

(स) जंगलों पर

(ब) कृषि पर

(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (ब) कृषि पर

**(2) उड़ीसा की एक तिहाई जनजाति किन क्षेत्रों में निवास करती है-**

(अ) मोनपास, मिजिस

ब) कोरापुट मयूरभंज

(स) अकास, रखवास

(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर -ब) कोरापुट मयूरभंज

**(3) मध्यप्रदेश में मानव संग्रहालय स्थित है-**

(अ) इन्दौर

ब) उज्जैन

(स) भोपाल

(द) जबलपुर

उत्तर - (स) भोपाल

**4) हस्तशिल्प द्वारा निर्मित कौन-सी चीजों की माँग है-**

(अ) चूड़ियाँ

(ब) शालें, कम्बल

(स) चप्पल

(द) सूती कपड़े

उत्तर - (ब) शालें, कम्बल

**2.) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

**(1) बिहार की एक पिछड़ी जनजाति .... ............ नाम से पहचानी जाती है।**

बिहार की एक पिछड़ी जनजाति कहार नाम से पहचानी जाती है।

**(2) अंडमान द्वीप समूह के निवासियों को दो वर्गों . .... ............ तथा . .... ............ में बाँटा गया है।**

अंडमान द्वीप समूह के निवासियों को दो वर्गों ओंग और जरावा में बांटा गया है।

**(3) आंध्रप्रदेश की प्रमुख जनजाति . .... ............ है।**

आंध्र प्रदेश की प्रमुख जनजाति चेंचुस है।

**(4) आमतौर पर महिलाएँ शरीर पर . .... ............ गुदवाती है।**

आमतौर पर महिलाएं शरीर पर गोदाने एक गुदवाती है।

**3.) निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइए-**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| (1) गुजराती जनजाति - | रस्सी, टोकरियाँ बनाना |
| (2) महिलाओं का उद्यम - | मध्यप्रदेश |
| (3) भील, भीलाला - | नायकड़ा |

उत्तर -

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| (1) गुजराती जनजाति - | नायकड़ा |
| (2) महिलाओं का उद्यम - | रस्सी, टोकरियाँ बनाना |
| (3) भील, भीलाला - | मध्यप्रदेश |

**4.) लघु उत्तरीय प्रश्न-**

**(1) जनजाति संस्कृति किसे कहते हैं?**

जनजाति संस्कृति मतलब जनजाति के आचार्य विचार बोली रहन-सहन पूजा पाठ रीति रिवाज कपड़े पहनने का तरीका इसे जनजाति संस्कृति कहा जाता है।

**(2) भारत में जनजातियों के रहने के क्षेत्र कौन-कौन से हैं?**

भारत में आंध्र प्रदेश गुजरात उड़ीसा और मध्य प्रदेश में जनजातियों के रहने के क्षेत्र है।

**(3) जनजातियों का प्रमुख भोजन क्या है?**

मछली यह प्रमुख भोजन जनजातियों का है।

**(4) पेकान जनजाति किस प्रदेश की है?**

नीलगिरी की पहाड़ियों में जो जनजाति पाई जाती है उसे पेकान जनजाती कहा जाता है।

**5.) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

**(1) भारत की क्षेत्रीय जनजातियों का वर्णन कीजिए।**

भारत में रहने वाली क्षेत्रीय जनजाति -

आंध्र प्रदेश की प्रमुख जनजाति चेंचूस है। इसके साथ-साथ आंध्र प्रदेश में कोलम , सावरस, जाटापुड, नायकपोड़ यह जनजाति रहती है।

गुजरात के प्रमुख जनजातियां उदयपुर, सरसों, दाता, सिरोही, कोटरा यह है। गुजरात की सीमावर्ती जिलों में नायकड़ा यह गुजराती बोलने वाली एक प्रमुख जनजाति निवास करती है।

उड़ीसा में एक तिहाई जनजातियों की है। उड़ीसा राज्य में मयूरभंज, कोरापुट, सुंदरगढ़ और बौंध खौडपल्ल इनका कुछ हिस्सा भी जनजातियों के क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिदृश्य अनेक अर्थों में बहुरंगी है। 40 से अधिक जनजातीय मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में निवास करती है। इन में प्रमुख गोंड, भील, बरेला, कनकार, भारिया, बैगा, सहरिया यह है।

उत्तर पूर्वी राज्य में असम मणिपुर मिजोरम त्रिपुरा अरुणाचल प्रदेश इन प्रदेशों में भी जनजातीय निवास करती है।

नीलगिरी की पहाड़ियों में टोडा नाम की अत्यंत प्राचीन जनजाति बहुत प्राचीन काल से रह रही है इसके साथ-साथ कदन, टरल, पेकान, केना यह भी प्रमुख जनजातियां है।

अंडमान के द्वीप समूह में जरावा और ओंग यह दो जने जातियां निवास करती है। यह अंडमान के भीतरी भागों में निवास करती है यह बहुत प्राचीन जनजाति है।

**(2) मध्यप्रदेश की जनजातियों के बारे में समझाइए।**

मध्य प्रदेश की जनजातियां -

मध्य प्रदेश में 40 से अधिक जनजातीय निवास करती है। इनमे प्रमुख गोंड, भील, बरेला, कनकार, भारिया, बैगा, सहरिया यह जातियां है। यह जनजाति के लोग बहुत मेहनत करके अपने जीवन को चलते हैं। यह लोग अपने मुक्त जीवन शैली के लिए भी जाने जाते हैं। उनके कपड़े और उनकी वेशभूषा बहुत आकर्षक लगती है। जनजातियों के लोग प्रकृति के अधिकार चीजों को अपने देव के वरदान के रूप में स्वीकार करते हैं। इन जनजातियों में स्त्री या चांदी का सा और मोती के आकर्षण गहने धारण करती है। यह महिलाएं गोदने भी गुदवाती है।

**(3) जनजातीय महिलाओं के प्रमुख उद्यमों का वर्णन कीजिए।**

जनजाति की महिलाएं अनेक प्रकार के उद्योग करती है। रस्सी बनाने के लिए वह कई तरह की घास भी एकत्रित करती है। उनसे टोकरी और रसिया बनती है। यह लोकगीत करने के लिए जंगल में भी कार्य करते हैं। हस्तकराघा में शाले, कंबल, गर्म कपड़े, बैग यह बनाते हैं। इन वस्तुओं की महानगरों में बहुत मांग है। जंगल में शहर तथा फलों को इकट्ठा कर उन्हें बाजारों में बेचते हैं।

**अतिरिक्त प्रश्न -**

**प्र.) 1 टिपण्णी लिखो -**

**1.) जनजातियों का जीवन -**

जनजाति के लोग प्रकृति में रहते हैं इस वजह से वह अपने प्रकृति के अधिकांश चीजों को ही देव के वरदान के रूप में स्वीकार करते हैं। यह लोग अत्यंत मेहनती और भोले होते हैं। अपने मुक्त जीवन शैली के लिए और वीरता के लिए यह प्रसिद्ध है। इंजन जातियों में कपड़ों के अतिरिक्त वेशभूषा और रंग सज्जा बहुत आकर्षक लगती है। यह बाते जनजातियों की विशेषता है। वे सामूहिक जीवन जीते हैं। अपने उत्सव और सामाजिक कार्यों को सामूहिक रूप से मनाते हैं। इसके साथ ही उनके आंतरिक अनुशासन और व्यवस्था भी महत्वपूर्ण होती है।

**2.) आदिवासी जनन जीवन और कृषि -**

आदिवासी जगन जातियों का प्रमुख व्यवसाय कृषि होता है। यह खेती करके अपना जीवन निर्वाह करते हैं। यह खेती कोई भी लाभ पाने के लिए नहीं करते। यह लोग कृषि में खेती करने के लिए आवश्यक क्षेत्र को जलाकर साफ करके नई भूमि प्राप्त की जाती है। जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है। अब वन संरक्षण के लिए इस प्रकार की कृषि का प्रचलन कम होता जा रहा है।

**3.) जोतों का आकार -**

आदिवासियों की कृषि के जोतों का आकार प्राय: बहुत छोटा होता है। यह भरण पोषण के लिए पर्याप्त नहीं होता। इस वजह से वह लोग वन संपत्ति पर अधिक निर्भर रहते हैं।

**4.) खेती का तरीका -**

पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए बहुत प्रयास किए गए हैं। लेकिन कई जनजाति समुदाय आज भी पुराने तरीकों का उपयोग करते हैं। और सिंचाई उन्नत भेजो और उर्वरक आदि का उपयोग भी नहीं करते। इस वजह से आवश्यकता है कि शिक्षा के माध्यम से जागरूक कर कृषि उत्पादकता बढ़ाने के बारे में जानकारी दी जाए ताकि जनजाति के लोग कृषि के उन्नत तरीकों को अपना सके और उनका आर्थिक विकास हो सके।

**प्र.) 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।**

**1.) जनजातियों के लोग प्रकृति के अधिकांश चीजों को अपने देव के ........... के रूप में स्वीकार करते हैं।**

जनजातियों के लोग प्रकृति के अधिकांश चीजों को अपने देव के वरदान के रूप में स्वीकार करते हैं।

**2.) जनजातियों के लोग ........... जीवन जीते हैं।**

जनजातियों के लोग सामूहिक जीवन जीते हैं।

**3.) जनजातियों मैं स्त्रियां चांदी का सा एवं मोती के ............ गहने धारण करती है।**

जनजातियों मैं स्त्रियां चांदी कासा एवं मोती के आकर्षण गहने धारण करती है।

**4.) मध्य प्रदेश की राजधानी .......... में मानव संग्रहालय स्थापित है।**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मानव संग्रहालय स्थापित है।

**5.) जनजातियों के लोगों का कृषि का प्राचीन तरीका ........... ... कृषि है।**

जनजातियों के लोगों का कृषि का प्राचीन तरीका स्थानांतरित कृषि है।

**6.) जनजातियों में आधुनिक .......... का प्रसार हुआ है।**

**जनजातियों में आधुनिक शिक्षा का प्रसार हुआ है।**

**प्र.) 3 एक-एक वाक्य में उत्तर लिखो।**

**1.) रमा किसके साथ भ्रमण पर जाने वाली थी?**

रमा अपने पिताजी के साथ भ्रमण पर जाने वाली थी।

**2.) रमा को किस बात के विषय में जानकारी चाहिए थी?**

रमा को आदिवासी मतलब जनजातियों के विषय में जानकारी चाहिए थी।

**3.) आदिवासी लोग कृषि मतलब खेती किस वजह से करते हैं?**

आदिवासी लोग कृषि अपने जीवन के निर्वाह के लिए करते हैं लाभ के लिए नहीं।

**4.) भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में आदिवासी जो खेती करते हैं उसे क्या कहा जाता है?**

भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में आदिवासी खेती करते हैं उसे झूमिंग कृषि कहा जाता है।

**5.) किस प्रकार की खेती करने से वातावरण प्रदूषित हो जाता है?**

आदिवासी जो झूमिंग कृषि करते हैं उसे खेती में उन्हें जितना आवश्यक क्षेत्र है उसे क्षेत्र को जलाकर साफ किया जाता है और नई भूमि प्राप्त की जाती है इस वजह से वातावरण प्रदूषित हो जाता है।

**6.) जनजातियों के आर्थिक विकास के लिए कौन सी बात आवश्यक है?**

जनजातियों के आर्थिक विकास के लिए उन्हें शिक्षा के माध्यम से जागरूक करना और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के बारे में जानकारी देना आवश्यक है।

**प्र.) 4 दिए गए प्रश्नों के उत्तर तीन से चार वाक्य में लिखो।**

**1.) जनजाति की पहचान किस तरह से की जाती है?**

जनजाति की पहचान हम ऐसे व्यक्तियों के समूह से कर सकते हैं जो समान बोली बोलते हो, समान भू भाग में निवास करता हो और उनके आचार विचार, रहन-सहन का तरीका, पूजा पाठ, परंपरा रीति रिवाज एक जैसे हो जो आपस में है विवाह संबंध करता हो।

**2.) आदिवासी लोगों की प्रमुख फसलें कौन-कौन सी है?**

आदिवासी जनजातियों की वसाहत प्राय: पहाड़ी और उबड खबर क्षेत्र में है इस वजह से उनके खेतों की उर्वरा शक्ति बहुत कम है। यहां मुख्य रूप से मोटे अनाज, कोदो, कुटकी, बाजरा, और चावल उगाए जाते हैं।

**3.) वर्तमान समय में आदिवासियों के जनन जीवन में कौन-कौन से बदलाव आ रहे हैं?**

वर्तमान समय में देश के आर्थिक और सामाजिक विकास और सरकारी योजनाओं के कारण जनजातीय पुरुष और महिलाओं में काफी बदलाव आ रहे हैं। इन जनजातियों में अब आधुनिक शिक्षा का प्रसार हो रहा है। स्वास्थ्य और इधर सेवाएं भी उपलब्ध की जा रही है। इसके साथ-साथ संचार और आवागमन के साधनों में भी बदलाव आ रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इनके विकास के लिए शासन के द्वारा आयोजित जनजातीय बालिकाओं की शिक्षा के लिए कन्या शिक्षा परिसर और कन्या मैट्रिक उत्तर छात्रावास इसके साथ-साथ बालिका आश्रम शाला आदि विशेष प्रावधान किए गए हैं।

**4.) आदिवासियों से संबंधित पर्यटन स्थल कौन-कौन से हैं?**

भारत में जनजातियों की कलाकृतियों के संग्रहालय स्थापित किए गए हैं। पंचमढ़ी की अनेक गुफाएं, छिंदवाड़ा के तामिया में पातालकोट दर्शनीय स्थल है, रायसेन में भीमबेटका और धार के पास बाघ की गुफाएं स्थित है, छत्तीसगढ़ में दंतेश्वरी, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मानव संग्रहालय भी स्थापित किया गया है जहां पर आदिवासियों के जीवन को दर्शाया गया है।